हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 27 अगस्त 2024, समय 1305 (5 मिनट)

गृह मंत्री अमित शाह कल नई दिल्लीक में पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यू रो के 54 वें स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लेंगे। गृह मंत्री इस अवसर पर डॉक्टिर आनंद स्वारूप गुप्ता स्मारक व्यामख्या न भी देंगे। इस वर्ष के व्याअख्या ान का विषय है- नये आपराधिक कानून-नागरिक केन्द्रित सुधार। श्री शाह 2023 और 2024 के लिए विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रकपति पदक विजेताओं को सम्मा नित भी करेंगे। समारोह के दौरान गृह मंत्री नये आपराधिक कानूनों के बारे में ब्यूरो की पत्रिका इंडियन पुलिस जनरल के विशेषांक का विमोचन भी करेंगे। पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूिरो पुलिस व्यवस्थाे में उत्कृ ष्ट ता लाने के लिए प्रमुख वैचारिक संगठन के रूप में काम करता है। इस संस्थावन का प्रमुख लक्ष्यु पुलिस के लिए नीतियां और प्रक्रियाएं विकसित करना है। इसके अलावा ब्यूरो नागरिकों के लिए बेहतर सेवा वितरण में सहायक प्रौद्योगिकी की खोज करने, पुलिस व्येवस्थाद में सुधार लाने, और कानून लागू करने वाली एजेंसियों की क्षमता बढ़ाने के उपायों पर भी ध्यान केंद्रित करता है।

....

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कल पंचकूला में '10 साल-बेमिसाल' पुस्तिका का विमोचन कर अपने कार्यकाल का ब्यौरा रखा । उन्होंने पत्रकारवार्ता को सम्भोदित करते कहा की 10 वर्षो में पंचकूला में 100 बड़ी परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी हुई वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पुलों का निर्माण व सड़कों का जाल बिछाकर लोगों की दशकों पुरानी मांग पूरी की है। उन्होंने बताया की इन 10 वर्षों में पंचकूला में करीब 5 हजार करोड़ रुपये के

विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा की अब कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी सैलजा को उनके कार्यकाल में हुए विकास कार्यों का ब्योरा जनता के सम्मुख रखना चाहिए।उन्होंने अपने कार्यकाल में हुए विकास कार्यों का ब्योरा देते हुए कहा कि 1150 करोड़ से नेशनल हाईवे-73 बना है और राष्ट्रीय राजमार्ग समेत क्षेत्र में 1162 करोड़ से नई सड़कें बनी हैं। इसके अलावा करीब 99 करोड़ की लागत से सड़कों की रिकार्पेटिंग की गई। ग्रामीण क्षेत्र 38 करोड़ रुपये की लागत से 9 पुल बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि खटौली व अन्य गांव वासियों को तीन-तीन मुख्यमंत्रियों के आश्वासन के बाद भी टांगरी नदी पर पुल पिछले 50 साल में नहीं बना था। अब लगभग 18 करोड़ की लागत से गांव वासियों की मांग को पूरा किया है। इस दौरान उन्होंने गांवों में हुए प्रत्येक विकास कार्य का ब्योरा आंकड़ों के साथ दिया।

....

केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल कल देर शाम को करनाल पहुंचे। उन्होंने पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिरों में जाकर मत्था । पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हरियाणा में विधान सभा चुनाव को लेकर भाजपा के प्रत्याशियों की पहली सूची 28 या 29 अगस्त को आ सकती है। हरियाणा में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनेगी। मनोहर लाल से जब विपक्ष के नेता दुष्यंत चौटाला को हुड्डा के साथ तालमेल न बैठाने की सलाह देने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने लोकतंत्र के महत्व पर जोर देते हुए कहा राजनीति में कौन किसकी रणनीति को प्रभावित करेगा यह तय करना मुश्किल है। केंद्र द्वारा सरकारी कर्मचारियों के लिए लाई गई यूपीएस पेंशन योजना को लाभकारी बताते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना के लागू होने से कर्मचारियों के पेंशन में सुधार देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि

न्यूनतम 10000 की पेंशन गारंटी दी गई है जिससे सभी कर्मचारियों के साथ न्याय होगा.

....

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की जीवन लीलाओं से मानवता, प्रेम, नारी सम्मान, समरसता और शांति की दिशा में अग्रसर होने की प्रेरणा मिलती है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान कल कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर फरीदाबाद के माता अमृता आनंदमयी हॉस्पिटल और सेक्टर 31 स्थित श्री कृष्ण नवग्रह मंदिर में आयोजित जन्माष्टमी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्री खान ने सर्वप्रथम प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पर्व भारत ही नहीं, बल्कि विश्व के अनेक देशों में भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। उधर, केंद्रीय सहकारिता मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के उद्योग मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा और हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने भी फरीदाबाद के विभिन्न मंदिरों में जाकर लोगों के साथ त्यौहार की खुशियां साझा कीं।

....

फरीदाबाद में आज 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सुगम कार्यान्वयन हेतु राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा की व्याख्या: सहज, सतत व समग्र दृष्टि' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी में देश के प्रमुख 400 के करीब शिक्षाविद और विद्वान हिस्सा लेंगे, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) के महत्व और इसके प्रभावों पर विस्तार से विचार-विमर्श करेंगे। आज महानिदेशक दूरदर्शन न्यूज़ प्रिया कुमार कार्यक्रम में विशेष अतिथि होंगी। शिक्षाविद ऋषिपाल चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली में गुणात्मक सुधार लाना है। इस संदर्भ में, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने मिलकर 10 अगस्त से 25 अगस्त, 2024 तक एक 15 दिवसीय वेबिनार

श्रृंखला आयोजित की थी। इस श्रृंखला के तहत कुल 26 सत्रों में 26 अध्यायों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई, जिसमें 1221 प्रतिभागियों ने भाग लिया।